## खबर संक्षेप



### महाशिवरात्रि पर पिंगला भरथरी सांग का मंचन

**करनाल।** श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में रामलीला मैदान में आयोजित सांग उत्सव में मंगलवार को पिंगला भरथरी सांग का मंचन किया गया। सांगी सतपाल कश्यप और उनकी टीम ने प्रस्तुति के माध्यम से उज्जैन के प्रसिद्ध राजा विक्रमादित्य के भाई राजा भरथरी की कथा को जीवंत किया। प्रस्तुति में दिखाया गया कि राजा भरथरी ज्ञानी और योग्य शासक थे, लेकिन दो पत्नियां होने के बावजूद वे पिंगला नाम की अति सुंदर राजकुमारी पर मोहित हो गए और उसे तीसरी पत्नी बनाया। इस अवसर पर प्रधान रमेश जिंदल, महेंद्र गुप्ता, बी.बी. गुप्ता, बालकिशन शर्मा, गौरव गर्ग, राजन गर्ग, विजय अग्रवाल, अमित भाटिया, अमरजीत मित्तल, अंकुर, मन्नी जायसवाल मौजूद रहे।

### अमृत सरोवर योजना सरकार की अच्छी पहल

**जींद।** ग्राम पंचायत आलन जोगी खेड़ा और रिटोली में चल रहे तालाब खुदाई के कार्य खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रवीण कुमार ने निरीक्षण किया। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रवीण कुमार ने सभी मनरेगा मजदूरों को बताया कि जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर सरकार की एक अच्छी पहल है।

### रिटायर्ड कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ ने की बजट पर चर्चा

**जींद।** रिटायर्ड कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ जिला जीन्द की कार्यकारिणी की कोर कमेटी की मीटिंग जिला प्रधान ओम सिंह पिलानिया की अध्यक्षता में जाट धर्मशाला में सम्पन्न हुई। मीटिंग में महावीर दहिया महासचिवए कैप्टन सतबीर सिंहए सूबेदार धर्मबीर मलिक, सूबेदार बिजेन्द्र भनवाला, राजेन्द्र सहरावतख किताब सिंह भनवाला तथा प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमारी श्योराण ने भाग लिया।

### मेधावी छात्र संशोधित योजना की त्रुटि दस तक होगी ठीक

**जींद।** जिला कल्याण अधिकारी दीपिका सारसर ने बताया कि डा. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत वर्ष 2025-26 के आवेदन 31 जनवरी तक सरल पोर्टल पर ऑनलाइन कि ए गए हैं। परंतु कार्यालय द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों में से कुल 897 आवेदन पत्रों में दस्तावेजों की त्रुटि पाई गई हैं। ऐसे सभी छात्र व छात्राओं के दस्तावेज 10 फरवरी तक त्रुटि दूर करके प्राप्त किए जाने हैं।

### इंटर स्टेट यूथ फेस्टीवल में राजीव गांधी कॉलेज द्वितीय

**उचाना।** जींद इस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग एंड टॅक्नोलोजी में चल रहे इंटर स्टेट यूथ फेस्टीवल में राजीव गांधी महाविद्यालय ने हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम में द्वितीय स्थान प्राप्त कर एक बार फिर से अपनी सफलता का परचम लहराया है। प्राचार्य डॉ. रणवीर कौशल ने विद्यार्थियों, सांस्कृतिक विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने इंटरजोनल यूथ फेस्टीवल के साथ-साथ इंटर स्टेट यूथ फेस्टीवल में भी ट्राफी जीतकर महाविद्यालय की गरिमा बढ़ाई है।

## राजेश खन्ना ने दो स्वर्ण पदक जीतकर किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



राजेश खन्ना पदक के साथ।

करनाल के होनहार एथलीट एवं भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त राजेश खन्ना ने 7वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया है। 30 जनवरी से 2 फरवरी 2026 तक पटेल स्टेडियम, अजमेर में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 17 राज्यों से 1520 पुरुष व महिला एथलीटों ने भाग लिया। 50+ आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए राजेश खन्ना ने 4म100 मीटर रिले दौड़ में स्वर्ण पदक, 4म400 मीटर रिले दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर कुल दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। राजेश खन्ना के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते हरियाणा टीम ने ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब भी अपने नाम किया। यह उपलब्धि करनाल और हरियाणा दोनों के लिए गर्व का विषय है। राजेश खन्ना भारतीय वायु सेना से रिटायर्ड है। फिलहाल एल्डिको कंपनी पानीपत में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत है। लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर राजेश खन्ना का चयन आगामी ओपन वल्ड मास्टर्स गेम्स 2026, जो 6 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक अबू धाबी (यूएई) में आयोजित होंगे।

## कृषि उपकरण निर्माण उद्योग की आत्म निर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा केंद्र का बजट

■ काइमा ने बताए बजट को एमएसएमई के लिए राहत कारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



कृषि उपकरण निर्माता एसोसिएशन के प्रधान रविन्द्र ढल तथा उप प्रधान इंद्रपाल सिंह ।

करनाल कृषि उपकरण निर्माता एसोसिएशन के प्रधान रविन्द्र ढल तथा उप प्रधान इंद्रपाल सिंह ने नरेंद्र मोदी की सरकार मे वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण द्वारा प्रस्तुत नौवां बजट को भारत में कृषि उद्योगों को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में मील कर पत्थर बताया है। उन्होने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नए बजट से निर्यात करने वालो को प्रोत्साहन मिलेगा। यह बजट भारत को 2047 तक विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने में एक निर्णायक साबित होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण भारत विश्व में आर्थिक शक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। उद्योग लगाने के लिए जो नीति सरकार ने बजट में घोषित की है उससे नया उद्योग लगाने वालो को फायदा मिलेगा। उन्होंने बताए कि सरकार ने निर्यात करने वालो को भी राहत दी है।

### इन्फ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड निवेश

करनाल कृषि उपकरण निर्माता एसोसिएशन के प्रधान रविन्द्र ढल तथा उप प्रधान इंद्रपाल सिंह ने कहा कि बजट 2026-27 में 12.2 लाख करोड़ का सार्वजनिक पूंजीगत व्यय तय किया गया है। इससे निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा, लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, इनलैंड वाटरवेज, शिप-रिपेयर और कोस्टल कार्गो प्रमोशन स्कीम को मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी की दिशा में बड़ा कदम बताया गया। स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, स्किलिंग और ट्रेनिंग जैसे सेवा क्षेत्रों में विशेष निवेश को रोजगार और समावेशी विकास के लिए अहम माना गया है। वहीं, कृषि क्षेत्र में उच्च मूल्य वाली फसलों—नारियल, काजू, कोको, अखरोट और बादाम के लिए लक्षित कार्यक्रमों से किसानों की आय बढ़ाने और निर्यात को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद जताई गई है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर जोर, उन्होंने टैक्स सरलीकरण, डीक्रिमिनलाइजेशन, टैरिफ रेशनलाइजेशन और ट्रेड फसिलिटेशन जैसे कदमों का स्वागत किया है। संगठन का मानना है कि ये सुधार भारत को वैश्विक निवेश के लिए और अधिक आकर्षक बनाएंगे।

### आत्मनिर्भर भारत और मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा

करनाल कृषि उपकरण निर्माता एसोसिएशन के प्रधान रविन्द्र ढल तथा उप प्रधान इंद्रपाल सिंह ने कहा कि बजट में आत्म निर्भर भारत को मजबूती देने के लिए सात रणनीतिक और उभरते क्षेत्रों बायो-फार्मा, क्रिटिकल मिनरल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और कैपिटल गुड्स—में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने की घोषणा की गई है। इससे आयात पर निर्भरता कम होगी और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### कॉलेज प्रबंधन ने विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

## निबंध लेखन में ऐश्वर्या और किरण ने शानदार प्रदर्शन कर जीती प्रतियोगिता

विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए समया पर ऐसे मंच तैयार करना करते रहना चाहिए : प्राचार्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्राएं सर्टिफिकेट के साथ।

पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय की अंग्रेजी साहित्य सभा द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मानव,भाषा, शक्ति, समाज, पहचान और संस्कृति जैसे सामयिक विषयों पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने रचनात्मक और विश्लेषणात्मक लेखन शैली का परिचय दिया। निबंधों का मूल्यांकन अनुभवी प्राध्यापकों डॉ. किरण दलाल, डॉ. मोना बत्रा और डॉ. सरोज नैन के पैनल द्वारा सूक्ष्मता और निष्पक्षता से किया गया। प्रतियोगिता में एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की ऐश्वर्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा किरण दूसरे स्थान पर रही जबकि तमन्ना चहल एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में सृजनात्मक सोच, विश्लेषण क्षमता और समाज के प्रति जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राचार्या ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि एआई के इस दौर में मानवीय मूल्यों और रचनात्मक लेखन की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय में साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हुई है। छात्रों के उत्साह और प्राध्यापकों के मार्गदर्शन से यह आयोजन न केवल सफल रहा, बल्कि भविष्य में भी ऐसे विषयों पर नियमित चर्चा और प्रतियोगिताओं की उम्मीद जगाई है।



**करनाल।** कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी एवं स्टाफ।

## कैंसर को लेकर विद्यार्थियों को किया जसगरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

### एचपीवी टीके की भ्रांतियों को दूर किया

डॉ. हरि कृष्ण राठी ने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के विषय में एचपीवी टीके की उपयोगिता को विस्तार से समझाया और टीके को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह टीका सुरक्षित है और भविष्य में महिलाओं को इस गंभीर रोग से बचाने में सहायक सिद्ध होता है। दोनों चिकित्सकों ने जागरूकता, सही जानकारी और समय पर जांच के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों तथा महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त सहयोग से विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एक कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. हरि कृष्ण राठी तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. विकास नेहरा ने चित्रात्मक प्रस्तुति के माध्यम से स्तन कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के कारण, लक्षण, प्रारंभिक पहचान और बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. विकास नेहरा ने प्रारंभिक जांच के महत्व पर जोर देते हुए महिलाओं को घर पर स्वयं जांच करने की विधि सरल एवं स्पष्ट शब्दों में समझाई। उन्होंने बताया कि यदि रोग की पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो जाए तो उपचार अधिक सरल हो जाता है और जीवन रक्षा की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करने की अपील की। प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने भी अतिथि चिकित्सकों, महिला प्रकोष्ठ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की टीम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संयुक्त जागरूकता कार्यक्रम समाज को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश रंगा एवं डॉ. करमजीत कौर, डॉ. सरिता आर्य, डॉ. मोना बत्रा, डॉ. किरण दलाल, डॉ. रश्मि तुली, डॉ. नितिका अरोड़ा, डॉ. विजय लक्ष्मी तथा डॉ. चरण ग्रोवर भी उपस्थित रहे।



**करनाल।** डॉ. सोहन सिंह का बुके देकर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### डॉ. सोहन सिंह ने करनाल में उप निदेशक अभियोजन का किया पदभार ग्रहण

**करनाल।** अभियोजन विभाग के उप निदेशक अभियोजन के पद पर डॉ. सोहन सिंह ने औपचारिक रूप से पदभार संभाल लिया। इससे पूर्व वे हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में जिला न्यायवादी (डीए) के महत्वपूर्ण पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। पदोन्नति के फलस्वरूप उन्हें करनाल में यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यालय पहुंचने पर स्टाफ सदस्यों ने डॉ. सोहन सिंह का उत्साहपूर्ण और गर्मजोशी भरा स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं अपने सभी साथियों के साथ मिलकर पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा। टीमवर्क और पारदर्शिता के साथ हम अभियोजन कार्य को और अधिक प्रभावी बनाएंगे। डॉ. सोहन सिंह ने विशेष रूप से भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर कहा कि ये कानून 1 जुलाई 2024 से प्रभावी हो चुके हैं। वे इन नए कानूनों के प्रति जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने का विशेष अभियान चलाएंगे। आम नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों से अवगत कराना तथा इन कानूनों के सकारात्मक पहलुओं को समझाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### सफाई कर्मियों के लिए तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर आज से

**करनाल।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की ओर से इस जिला के सफाई कर्मचारियों के लिए जिला स्तरीय स्वास्थ्य जांच शिविर सेक्टर-16 के पोलिक्लिनिक में चार से छह फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। शिविर का समय सुबह 9 से दोपहर बाद तीन बजे तक रहेगा। उपायुक्त उत्तम सिंह ने शिविर को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों के सफाई कर्मचारियों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे ग्रामीण क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों को शिविर में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें शिविर के बारे में सूचना देना सुनिश्चित करेंगे। शिविर में भाग लेने वाले सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति भी निर्धारित प्रपत्र में दर्ज की जाएगी। शहरी क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों के लिए उप निगम आयुक्त को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्हें कार्यक्रम स्थल पर मोबाइल टॉयलेट व सफाई की उचित व्यवस्था करने के आदेश दिए गए हैं। एसएमओ डा. नीरू ने बताया कि शिविर में सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि शिविर स्थल पर 9 काउंटर स्थापित किए जाएंगे। जनरल ओपीडी के लिए उनके अलावा 6 अन्य डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी। दवा वितरण के लिए दो फार्मासिस्ट तैनात रहेंगे। बलगम, ब्लड शुगर आदि की जांच के लिए व्यवस्था की गई है। वेन में एक्सरे की सुविधा भी रहेगी।

## रिटायर्ड कर्मचारी संघ की हुई बैठक

■ 22-23 फरवरी को रिटायर्ड कर्मचारियों का कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय अधिवेशन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारी बैठक करते हुए।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ की खंड करनाल की बैठक फव्वारा पार्क में हुई। अध्यक्षता खंड प्रधान लाभ सिंह आर्य ने की व संचालन सचिव ताराचंद सैनी ने किया। 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर सचिव ताराचंद सैनी ने कहा कि खंड करनाल से ज्यादा से ज्यादा रिटायर्ड कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगे। सदस्य राज सिंह पाल ने कहा कि खंड करनाल के सभी साथियों के पास जाकर के उनकी समस्या सुनी जाएं। खंड सह सचिव गिरधारी लाल ने कहा कि 22, 23 फरवरी को रिटायर्ड कर्मचारियों का कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय अधिवेशन होगा। खंड कोषाध्यक्ष अशोक अरोड़ा ने कहा सरकार रिटायर कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रही है। उनकी मांगों को नहीं माना जा रहा। उपप्रधान जय भगवान शर्मा ने कहा कि अधिवेशन में जो भी राज्य कमेटी आदेश करेगी उसके आदेशों की पालन करेंगे। जिला सचिव ओम प्रकाश सिहमार ने आज की परिस्थितियों के ऊपर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार कर्मचारी, रिटायर्ड कर्मचारी, आंगनवाड़ी, मिड डे मील वर्कर, ग्रामीण चौकीदार व ग्रामीण सफाई कर्मचारी व मजदूरों की मांगों को लागू करें।

### ट्रांसफर ड्राइव चलाने की उठाई मांग

**करनाल।** शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति, हरियाणा ने शिक्षकों की ट्रांसफर में हो रही देरी पर गंभीर सवाल उठाए हैं। समिति के अनुसार जब सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तो ट्रांसफर शेड्यूल जारी क्यों नहीं किया जा रहा। यह बातें समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण, राज्य प्रेस सचिव ऋषिराज नरवाल, राज्य सचिव पवन कुमार वर्मा और वरिष्ठ सदस्य भगवान दास कैथल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही।

राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने कहा कि हरियाणा में अध्यापकों की कमी नहीं है, लेकिन ट्रांसफर न होने से पूरा सिस्टम बिगड़ रहा है। कहीं शिक्षकों की संख्या अधिक है तो कहीं भारी कमी बनी हुई है।

## हवन कर की नशामुक्ति की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** हवन यज्ञ में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

डीएवी आर्य युवा समाज के अध्यक्ष योगी शिव के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे नशामुक्त राष्ट्र अभियान के अंतर्गत सेक्टर नौ के पार्क में हवन यज्ञ एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुनीता कुमारी ने शिरकत की। साथ ही विभाग के अन्य सदस्यों, अभिभावकों तथा आसपास के गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई नशामुक्ति जन-जागरूकता रैली से हुई। जिसमें बच्चों ने प्रभावशाली नारे लगाए नो नशा नेशन, नशे को दूर भगाओ - सुखी परिवार पाओ आदि। रैली के माध्यम से बच्चों ने समाज को नशे के दुष्परिणामों तथा नशामुक्त जीवन की आवश्यकता के प्रति जागरूक किया। इसके उपरांत बच्चों ने आए हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों का स्वागत-गीत के माध्यम से अभिवादन किया। छात्र-छात्राओं ने नशामुक्ति पर एक सुंदर प्रेरणादायी गीत प्रस्तुत किया यह शपथ ली कि वे स्वयं, अपने मित्रों और समाज को नशे से दूर रखने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे तथा भारत को नशामुक्त करने में पूर्ण सहयोग देंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विधिवत हवन रहा, जिसमें उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लेकर नशामुक्त राष्ट्र के संकल्प की पूर्ति हेतु प्रार्थना की।

## घरौडा क्षेत्र में युवक से लूट, मारपीट कर मोबाइल व नकदी छीनी, केस

रिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

घरौंडा क्षेत्र में अपराध की एक और वारदात सामने आई है। कोहंड से अपने गांव लौट रहे एक युवक को रास्ते में दो अज्ञात युवकों ने जबरन रोक लिया और उसके साथ मारपीट कर मोबाइल फोन व नकदी लूट ली। पीड़ित युवक घायल अवस्था में थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव फरीदपुर निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार शाम करीब 7.30 बजे वह कोहंड से अपने गांव फरीदपुर की ओर जा रहा था। जब वह गांव पुंडरी के रास्ते से गुजर रहा था, तभी वहां पहले से मौजूद दो अज्ञात युवकों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि बिना किसी कारण के दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। अनिल ने खुद को बचाने का प्रयास किया और शोर भी मचाया, लेकिन रास्ता सुनसान होने के कारण कोई मदद के लिए नहीं आया। मारपीट के दौरान आरोपी युवकों ने अनिल से उसका मोबाइल फोन छीन लिया। मोबाइल के कवर में कुछ नकदी भी रखी हुई थी, जिसे आरोपी अपने साथ ले गए। अचानक हुए हमले से अनिल घबरा गया और आरोपियों का विरोध नहीं कर सका। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद अनिल किसी तरह थाना घरौंडा पहुंचा और पूरी घटना की जानकारी देते हुए लिखित शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर लूट व मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### केस दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी

जांच अधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के अनुसार केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाएगी ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

### एसपी से की शिकायत में व्यापरियों का पुलिसकर्मियों पर आरोप

## बिना भुगतान किए सामान ले जाते हैं पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल



करनाल। एसपी कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे कार एक्सेसरी शोरूम संचालक।

करनाल के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में कार एक्सेसरी शोरूम चलाने वाले व्यापारियों ने थाना प्रभारी और पुलिस कर्मियों पर बदसलूकी व बेवजह परेशान करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इससे नाराज़ सभी शोरूम मालिक एकजुट होकर एसपी कार्यालय पहुंचे और अपनी समस्या एसपी नरेंद्र बाजरणिया के समक्ष रखी। दुकानदारों का कहना है कि जिस इलाके में उनके शोरूम स्थित हैं, वहीं अन्य ऑफिस भी मौजूद हैं। इन ऑफिसों के बाहर भी लोग अपनी गाड़ियां खड़ी कर अंदर चले जाते हैं, लेकिन कार्रवाई सिर्फ शोरूम वालों पर ही होती है। दुकानदार राहुल ने आरोप लगाया कि पुलिस वाले और डायल-112 की गाड़ियों में आने वाले कर्मचारी कई बार शोरूम से सामान ले जाते हैं और उसका भुगतान नहीं करते। दुकानदारों ने यह भी आरोप लगाया कि शोरूम पर काम करने वाले लेबर के साथ भी पुलिस का व्यवहार ठीक नहीं है। लेबर सोनू ने बताया कि वह सोमवार को करीब 11 बजे एक गाड़ी में काम कर रहा था, तभी एसएचओ वहां पहुंचे और पुलिसकर्मियों से उसे पकड़ने और गाड़ी में डालने की बात कही। सोनू का कहना है कि उसने कोई बहस या गलत व्यवहार नहीं किया था।

### थाना प्रभारी ने आरोपों को बताया निराधार

मामले पर जब सिविल लाइन थाना प्रभारी रामलाल से बात की गई तो उन्होंने सभी आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि दुकानदार सड़क पर जाम लगाकर रखते हैं और कुछ शरारती तत्वों के साथ मिलकर इलाके का माहौल खराब कर रहे हैं। एसएचओ के अनुसार उन्हें शराब पिलाने और अन्य अवैध गतिविधियों की भी शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए काम कर रही है, न कि किसी को परेशान करने के लिए। मारपीट के आरोपों पर एसएचओ ने कहा कि पुलिस ने किसी के साथ मारपीट नहीं की, बल्कि पुलिस को ही गालियां दी गईं, इसके बावजूद संयम से काम लिया गया। एसपी नरेंद्र बाजरणिया ने शोरूम मालिकों को आश्वस्त किया कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और उचित समाधान निकाला जाएगा, ताकि व्यापार भी सुचारू रूप से चल सके और कानून व्यवस्था भी बनी रहे।

## खबर संक्षेप

### नाले से किशोरी का शव मिला

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी टाउनशिप के पास नाले से एक किशोरी का शव बरामद हुआ है। वहीं राहगिरों ने शव को नाले में पडे देखा और घटना की सूचना थाना सदर पुलिस को दी। जहां पुलिस ने घटनास्थल व शव की जांच की, वहीं, एफएसएल की टीम ने भी जांच की। जांच पूरी होने के बाद किशोरी के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। इधर, एफएसएल की जांच में पता चला कि लड़की की उम्र करीब 13 साल है और उसके शरीर पर चोट के निशान है। लड़की जींस व टॉप पहने हुए है। पुलिस लड़की की मौत के कारण जानने के लिए उसके शव का पोस्टमार्टम करवाएगी। इधर, थानेदार सदर ने बताया कि लड़की का शव मिला है, इसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। पहचान होने व मौत के सही कारण पता चलने के बाद ही इस केस की जांच आगे बढ़ पाएगी।

### आयुष विभाग ने सूर्य नमस्कार करवाया

**पानीपत।** पानीपत में आयुष विभाग की ओर से सूर्य नमस्कार अभियान के कार्यक्रम जोर शोर से चलाया जा रहा है। वहीं, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राज कपूर ने बताया कि सूर्य नमस्कार अभियान जिलास्तर पर लाया जा रहा है। जबकि योग शिक्षक संघ हरियाणा के जिला प्रधान सतीश नैन ने बताया अभियान के तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गांव मडलौडा में योग कैंप में प्रिंसिपल रंजना की देखरेख में 150 विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार किया। इस अवसर पर आयुष योग शिक्षक संघ हरियाणा के प्रधान महासचिव कुलदीप नरवाल, प्रवीण कुमार, मीनाक्षी आदि उपस्थित रहे।

### सरकार का केंद्रीय बजट जनविरोधी

**पानीपत।** केंद्र सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षक, कर्मचारी, मजदूर किसान तथा आम जनता के हितों के विरुद्ध है। यह आरोप सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रेस सचिव शिवचरण, कश्मीर सिंह एवं सीटू नेता सुनील दत्त, जय भगवान, एसकेएस जिला प्रधान अमरीश त्यागी तथा जिला सचिव शिवकुमार ने लगाया। उन्होंने केंद्र सरकार से बजट को वापस लेकर शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, कर्मचारियों के हितों के अनुरूप बजट पुनर्गठित करने की मांग की है।

### 12 फरवरी को श्रमिक हड़ताल करेंगे

**समालखा।** ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर एआईयूटीयूसी से संबद्ध कारखाना मजदूर यूनियन समालखा के प्रधान कॉ. शेर सिंह ने कहा कि 12 फरवरी को औद्योगिक क्षेत्र में हड़ताल रहेगी। यह हड़ताल सरकार की मजदूर विरोधी लेबर कोड जबरन थोंपने व 29 श्रम कानून खत्म करने के खिलाफ हो रही है। वहीं हडताल में कारखाना मजदूर यूनियन भाग लेंगे।

### ठंड से फसलों का बचाव करें

**पानीपत।** जिला कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ.आत्मा राम गोदारा ने जिले के किसानों को शीतलहर एवं पाले के प्रकोप से फसलों को होने वाले नुकसान के प्रति सतर्क किया है। वर्तमान मौसम में अत्यधिक ठंड और नमी के कारण फसलों में काली रतुआ, सफेद रतुआ, लेट ब्लाइट, झुलसा रोग तथा अन्य फंगस बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ जाता है, जिससे फसलों के अंकुरण, वृद्धि, पुष्पण, दाना भराव, उपज और भंडारण क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

### छात्राओं का करियर मार्गदर्शन किया

**पानीपत।** हरियाणा रोजगार विभाग द्वारा व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के तहत पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भापरा रोड (समालखा) में करियर मार्गदर्शन वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक रोजगार अधिकारी डॉ. निकिता ने छात्राओं को एसएससी, यूपीएससी और एचसीएस जैसी प्रमुख सिविल सेवाओं की परीक्षाओं को लेकर विस्तार से जानकारी दी।

---

## अभिभावक अपने बच्चों को सनातन संस्कारी बनाएं

# सनातन संस्कृति की पालना से विश्व में होगी शांति : डॉ. नैन

*विश्व कल्याण की प्रहरी है सनातन संस्कृति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन भालसी मंदिर में पूजन करते हुए।

अंतराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ. नवीन नैन भालसी ने कहा कि अंतराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद का ध्येय युवा वर्ग में सनातन चेतना, सांस्कृतिक गौरव, आत्मबोध को जागृत करना है। वहीं, सनातन संस्कृति "वसुधैव कुटुम्बकम्" और सर्वे भवन्तु सुखिनः जैसे महान मूल्यों का संदेश पूरी दुनिया को देती है। वहीं, सनातन संस्कृति के संस्कार, सहिष्णुता और सेवा भाव, सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। अंतराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ. नवीन नैन भालसी ने अन्य पदाधिकारियों के साथ सनानत के ऐतिहासिक मंदिरों में पूजन किया। उन्होंने युवा वर्ग में पाश्चात संस्कृति के बोलबाले पर दुख जताते हुए कहा कि हर अभिभावक को अपने बच्चों को सनातन संस्कृति के अनुसार संस्कारी बनाना चाहिए, तभी विश्व कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में युद्ध व व्यापारिक प्रतिस्पर्धा चल रही है। वहीं, यदि विश्व के लोग श्री सनातन संस्कृति को अपनाए तो दुनिया में विभिन्न मुद्दों पर चल रहे युद्ध बंद हो जाएंगे और विश्व में शांति स्थापित होगी। विश्व का कल्याण होगा, जनता सुखी होगी।

---

## सद्भावी जीवन जीने से नहीं होते विवाद : सीजेएम वर्षा

# पानीपत के हर गांव तक पहुंचाया जाएगा सामुदायिक मध्यस्थता योजना का लाभ

- छोटे विवादों को कोर्ट तक पहुंचने से पहले ही आपसी सहमति से सुलझाकर समाज में सौहार्द बढ़ाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



वर्षा शर्मा

ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे आपसी विवादों के त्वरित, सरल और सौहार्दपूर्ण समाधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के मार्गदर्शन में हरियाणा कम्युनिटी मेडिएशन प्रोग्राम को जिला पानीपत में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। गांव सिवाह में स्थापित कम्युनिटी मेडिएशन सेंटर एक सफल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कार्यरत है। मुख्य न्यायिक दं डा धि का री सहसचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्षा शर्मा ने ग्राम पंचायत सरपंच और सचिवों को जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण जनता को सस्ता, सुलभ और वैकल्पिक न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। छोटे विवादों को कोर्ट तक पहुंचने से पहले ही आपसी सहमति से सुलझाकर न केवल समाज में सौहार्द बढ़ाया जा रहा है, बल्कि न्यायालयों पर बढ़ते मुकदमों के बोझ को भी कम किया जा रहा है। सीजेएम ने निर्देश दिए कि सरपंच गांव-गांव मुनादी कराकर ग्रामीणों को कम्युनिटी मेडिएशन योजना, बाल विवाह मुक्त पानीपत अभियान तथा बच्चों द्वारा फैलाई जा रही फेक न्यूज पर रोक को लेकर जागरूक करें। साथ ही लोगों को बताया जाए कि भ्रामक सूचनाएं फैलाना कानूनन अपराध है। इस अवसर पर बीडीपीओ शक्ति सिंह, शीतल, उप अधीक्षक सुरेश लाठर, विभिन्न गांवों के सरपंच उपस्थित रहे।

---

## धन की कमी से छात्रा नहीं हो पाई उच्च शिक्षित

**दुखी हो आत्महत्या की, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की**

**पानीपत।** गांव मतलौडा में आस्था पुत्र कुलदीप ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय आस्था के पिता गांव परढाना स्थित फैक्टरी में ड्यूटी पर गए हुए थे। इधर, घटना की सूचना मिलने पर थाना मतलौडा पुलिस ने एफएसएल की टीम के साथ घटनास्थल व शव जांचा। इधर, कुलदीप ने बताया कि उसी पत्नी का निधन हो चुका है और आस्था ने 12वीं कक्षा पास कर आगे पढ़ना चाहती थी, लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते वे उसे कॉलेज में दाखिला नहीं दिलाया सके। इसी बात को लेकर उनकी, आस्था से कहासुनीं हुई थी। इसके बाद वे फैक्टरी में काम पर चले गए थे। उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाने से दुखी होकर ही शायद आस्था ने अपनी जीवन लीला समाप्त की हो। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद आस्था का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

## जाट आरक्षण शहीदी दिवस 22 को गोशाला नौल्था में होगा

# समाज के हर वर्ग का भला चाहती है जाट बिरादरी : दहिया



पानीपत। राष्ट्रीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप दहिया, आदि बैठक करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

राष्ट्रीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया ने बताया कि गांव नौल्था स्थित गोशाला में 22 फरवरी को जाट आरक्षण शहीदी दिवस मनाया जाएगा। यह दिवस हरियाणा में जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान आंदोलन में मारे गए युवाओं की याद में आयोजित किया जा रहा है। मृत युवाओं को श्रद्धांजलि दी जाएगी और उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर संघर्ष समिति के जिला प्रधान राजकुमार, जिला संयोजक रणधीर नैन, प्रदेश सचिव मास्टर मामन सिंह, उप प्रधान दिलावर सिंह और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मास्टर सूरजमल जागलान भी उपस्थित थे। इधर, दहिया ने कहा कि जाट सद्भावना के साथ जीवन यापन करने वाली कौम है। वहीं, समाज में ऐसे लोग भी सक्रिय है जो जाट बिरादरी की आलोचना करते है। वहीं जाट, ऐसे लोगों से डरने वाले नहीं है। समाज का हर नागरिक, जाटों का भाई है इस सोच के साथ जाट बिरादरी देश, मानवता व समाज की निष्काम सेवा कर रही है।

---

## ग्लोबल एजु-लीडर्स अवॉर्ड से सम्मानित हुई मनीषा

**पानीपत।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और प्रभावशाली नेतृत्व के लिए मनीषा खन्ना खुराना को ग्लोबल एजु-लीडर्स अवॉर्ड 2025 (शैक्षणिक उत्कृष्टता) से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान ग्लोबल एजु लीडर्स (जीईएल) स्कूल लीडरशिप समिट एंड अवॉर्ड्स, आईआईटी दिल्ली में प्रदान किया गया। आयोजक संस्था के अनुसार, खुराना के शैक्षणिक नवाचार, नेतृत्व क्षमता तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु किए गए सतत प्रयासों का गहन मूल्यांकन करने के उपरांत उन्हें इस सम्मान के लिए चयनित किया गया है। मनीषा की इस उपलब्धि पर शिक्षा जगत में हर्ष का माहौल है और यह सम्मान अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

---

## जन विरोधी बजट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

# केंद्र सरकार की नीतियां आमजन विरोधी




पानीपत। सीटू व कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी बापौली अनाज मंडी में प्रदर्शन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

मजदूर संगठन सीटू एवं कर्मचारी संघ हरियाणा राज्य स्तरीय 12 फरवरी देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में चलाए जा रहे जन अभियान जत्था बापौली नई अनाज मंडी पहुंचा। भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के किसान मजदूर कर्मचारी जन विरोधी बजट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर सभा आयोजित की गई। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त, सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सह सचिव शिवचरण, जिला प्रधान अमरीश त्यागी, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉ.सुरेंद्र मलिक, रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य नेता प्रीतम रावल, आशा वर्कर्स यूनियन की जिला सह सचिव सुनीता, सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक उपप्रधान नरेश कुमार ने किया। संगठनों के नेताओं ने केंद्र सरकार पर देश के कमेरे वर्ग की अनदेखी करने व शोषण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जनता के हित के लिए 12 फरवरी को देश व्यापी हड़ताल की जा रही है। वहीं, पानीपत में लाखों श्रमिक हड़ताल में भाग लेंगे।

---



पानीपत। हरियाणा खो-खो की विजेता टीम पुरस्कार लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

# खो-खो में हरियाणा की बालिका टीम ने जीता ब्रोंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

कर्नाटक के टुमकुरू में आयोजित नेशनल सीनियर खो खो चैंपियनशिप में हरियाणा की महिला टीम ने कांस्य पदक जीता है। पानीपत खो-खो संघ के महासचिव रविंद्र सैनी ने बताया की हरियाणा की खो-खो टीम में पानीपत, जींद, कैथल, चरखी दादरी व झज्जर की खिलाड़ी शामिल थी। वहीं हरियाणा की टीम ने पंजाब को पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर खो-खो के सीनियर कोच शमशेर सिंह कैथल, मुस्कान चरखी दादरी, पूर्व जिला खेल अधिकारी दलबीर सिंह, मोहिंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, दिनेश गौतम, राहुल शर्मा, बलवान सिंह ने विजेता टीम को जीत की बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

---

## मेयर कोमल सैनी ने भी हस्ताक्षर कर इस अभियान में समर्थन दिया

# बाल विवाह के मुक्ति रथ को मिल रहा है व्यापक समर्थन, मुहिम बेहद सराहनीय



पानीपत। बाल विवाह के विरुद्ध जनता को जागरूक करते हुए पुलिस टीम। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- नगर निगम कार्यालय में इस बाल विवाह मुक्ति रथ का स्वागत

पानीपत जिले में बाल विवाह के खिलाफ सौ दिवसीय अभियान के तहत जस्ट राइटस फार चिल्ड्रन संगठन की सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इण्डिया द्वारा बाल विवाह मुक्ति रथ चलाया जा रह है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी के विशेष सहयोग के साथ जनता को बाल विवाह के विरूद्ध जागरूक किया जा रहा है। वहीं, पानीपत नगर निगम की मेयर कोमल सैनी ने भी बाल विवाह के खिलाफ हस्ताक्षर कर इस अभियान के अपना समर्थन दिया। उन्होंने नगर निगम कार्यालय में इस बाल विवाह मुक्ति रथ का स्वागत किया और कहा कि पानीपत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए संस्था और सरकार की यह मुहिम बेहद सराहनीय है और हम सबको मिलकर इस मुहिम को आम जन तक पहुंचाना चाहिए।

---

### डीएचओ ने बीज के सैंपल लिए

**पानीपत।** किसानों की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला उद्यान अधिकारी एवं सीड इंस्पेक्टर डॉ. संदीप नागर ने सोमवार को सुनौली खुर्द तथा पानीपत में पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में फसलों के बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। डॉ. नागर ने जांच की और विभिन्न दुकानों से सब्जी फसलों के 10 बीजों के सैंपल लेकर जांच के लिए सिरसा भिजवा दिए। वहीं डॉ. नागर ने स्पष्ट किया कि यदि जांच रिपोर्ट में किसी भी बीज की गुणवत्ता निम्न स्तर की पाई जाती है तो संबंधित कंपनी एवं डीलर के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### जानलेवा हमलावर पकडे

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने गांव काबड़ी में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के दो आरोपियों कैथल जिले के पूंडरी गांव निवासी प्रवीन व करौदा गांव निवासी विक्रम उर्फ अन्नू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र ने बताया कि आरोपियों ने काबड़ी निवासी सतपाल उर्फ काला पर चाकू से जान लेवा हमला किया था।

### आईजी ने सुरक्षा व्यवस्था जांची

**पानीपत।** पुलिस महानिरीक्षक मनीष चौधरी ने मंगलवार को जिला पानीपत का दौरा किया। उनके पानीपत आगमन पर पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह द्वारा उनका स्वागत किया गया। दौरे के दौरान आईजी मनीष चौधरी ने पानीपत पुलिस लाइन में लॉ एंड आर्डर की सिच्युएशन से निपटने के उद्देश्य से गठित की पुलिस कंपनियों का निरीक्षण किया और कंपनियों में तैनात जवानों से संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया।

### मारपीट का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** हलदाना चौकी पुलिस ने हलदाना गांव में तलवार से लैस होकर घर में घुसकर मारपीट करने के आरोपी को सोमवार शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान हलदाना निवासी नितिन उर्फ मालू के रूप में हुई है। एएसआई राजेंद्र ने बताया कि पूछताछ में आरोपी नितिन उर्फ मालू ने मामले में नामजद अपने ममरे भाई यूपी निवासी नितिश के साथ मिलकर मारपीट की उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा।

---

# पानीपत प्रशासन के बेड़े में शामिल हुई हाइड्रोलिक क्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया को क्रेन की चाबियां सौंपते हुए इंडो फार्मा के शिवांशु बंसल। *फोटो : हरिभूमि*

पानीपत जिला में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने, सड़क दुर्घटनाओं के दौरान त्वरित राहत सुनिश्चित करने और आपदा प्रबंधन को और अधिक सशक्त करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन लगातार ठोस कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला सचिवालय परिसर में 30 टन क्षमता की अत्याधुनिक हाइड्रोलिक क्रेन को औपचारिक रूप से जिला प्रशासन के बेड़े में शामिल किया गया। यह क्रेन जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप खरीदी गई है। इसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के दौरान भारी और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को तुरंत हटाकर यातायात बहाल करना, ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाना तथा आपदा की स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान करना है। साथ ही यह क्रेन शहर को अक्रिमण मुक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगी। इंडो फार्म कंपनी की ओर से सहायक महाप्रबंधक (सेल्स) शिवांशु बंसल एवं महावीर सिंह, स्टेट हेड हरियाणा ने उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया को क्रेन की चाबियां औपचारिक रूप से सौंपीं। वहीं, डीसी डॉ. दहिया ने कहा कि 30 टन क्षमता की यह हाइड्रोलिक क्रेन विशेष रूप से अधिक वजन वाले बडे वाहनों को हटाने, सड़क दुर्घटनाओं के बाद तुरंत कार्रवाई करने और ट्रैफिक को शीघ्र बहाल करने में बेहद सहायक सिद्ध होगी।

---

### नशे के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पुलिस नशे के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाए हुए है। गठीत की नशा मुक्त टीम ने इसी कड़ी में मंगलवार को कुराना गांव में सरकारी स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर नशे के खिलाफ प्रेरित किया। टीम ने इस दौरान विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से समझाया।

### नशा तस्कर को कारावास

**पानीपत।** एएसजे-कम-फास्ट ट्रैक कोर्ट योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी पाले पुत्र फकीरा निवासी लोढा बस्ती, समालखा, जिला पानीपत को दोष्झी करार देते हुए तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। पाले पर पचास हजार रुपये का जुर्माना किया। स्मणीय है कि पानीपत पुलिस ने पाले को मादक पदार्थ की तस्करी करते हुए पकड़ा था और इसके खिलाफ थाना समालखा में एक जनवरी सन 2020 को 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

---

## डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नए स्वरूप में उभर रही है हिंदी: डॉ. पूजा

# हिंदी प्रतियोगिता में तनु रिया, प्रवीणा विजेता रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग के तत्वावधान में डॉ.पूजा मलिक के निर्देशन में एमए हिंदी प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए डिजिटल माध्यमों में हिंदी का भविष्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा हिंदी हमारी मातृभाषा और भारत की सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा है। अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नए स्वरूप में उभर रही है। पहले जहां ऑनलाइन सामग्री अंग्रेजी में ही अधिक मिलती थी वहीं अब वेबसाइटए यूट्यूब चैनल, ई.पत्रिकाएं हिंदी में बड़ी संख्या में उपलब्ध हैं। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.गुरनाम सिंह ने कहा कि डिजिटल माध्यमों में हिंदी केवल भाषा नहीं बल्कि लोकतांत्रिक संवाद और सांस्कृतिक पहचान का सशक्त साधन बन चुकी है। भविष्य में तकनीकी विकास के साथ हिंदी की उपयोगिता और भी व्यापक और प्रभावशाली होती जाएगी। प्रतियोगिता में 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में तनु ने प्रथम, रिया ने द्वितीय तथा प्रवीना ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

